तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025



10 मेवाड़ यूनिवर्सिटी राजस्थान को हराकर एमडीयू रोहतक जीता





10 राधा-कृष्ण की झांकी से मोहा मन







N N Sharma
Director

शिक्षा - संस्कार - सुरक्षा - सफलता

WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND

ADMISSION OPEN
Nur. to XII (Art/Commerce/Science)

Focus on Practicals
Strong Dedicated Teachers Team
Door to Door Transport
Indoor & Outdoor Sports

GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129



Sukeerti Sharma
Principal


## खबर संक्षेप

### हमला कर बाप बेटे को घायल करने पर केस

**जींद।** गांव छात्तर में हलवाई तथा उसके बेटे के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव छात्तर निवासी जोगिंदर ने शिकायत में बताया कि उसने गांव में मिठाई की दुकान खोली हुई है। गत दिवस गांव के ही गुरनाम की भैंस ने मिठाई में मुंह मार दिया। जिस पर बीच कहां सुनी हो गई।

### क्रिप्टो करेंसी में रुपये लगाकर 11 लाख ठगे

**कैथल।** चीका में क्रिप्टो करेंसी में रुपये लगाकर उन्हें डबल करने का झांसा देकर दो लोगों से 11 लाख रुपये ठगी कर ली। आरोपी ने इन लोगों की ओर से दी राशि भी नहीं लौटाई। रुपये मांगने पर आरोपी ने कहा कि कंपनी भाग गई। चीका थाना में दी शिकायत में चीका शहर की अंबा कॉलोनी निवासी रामपाल ने बताया कि आरोपी युधिष्ठिर ने उसे क्रिप्टो करेंसी में रुपये लगाने के लिए कहा था।

### घर में घुस अश्लील हरकत, मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना नरवाना इलाका गांव में रात को घर में घुस कर लड़की से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़िता के भाई की शिकायत पर युवक के खिलाफ अश्लील हरकत समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### खेवट अलग करवाने के नाम पर आठ लाख ठगे

**कैथल।** पाडला गांव में जमीन की सांझी खेवट को अलग करवाने के नाम पर आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी ने न तो खेवट अलग करवाई और न ही रुपए वापस दिए। व्यक्ति ने रुपये वापस मांगे तो उसे गोली मार कर जान से मारने की धमकी दी। किसान की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कॉलेज के लिए निकली युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव घोघडिया से कॉलेज के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालत में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव घोघडिया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 23 वर्षीय बेटी घर से जींद कॉलेज के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### तीन विद्यार्थी दूसरे की जगह परीक्षा देते पाए

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान एक ही सेंटर पर तीन विद्यार्थी दूसरे की जगह परीक्षा देते पाए गए। इसमें एक लडक़ी भी शामिल थी। बीईओ फ्लाइंग ने निरीक्षण के दौरान लोधर गांव के परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा और एक विद्यार्थी को मौके पर ही पकड़ लिया जबकि तीसरा विद्यार्थी मौके से भागने में कामयाब रहा।

### महिलाओं को किया जागरूक

**राजौंद।** महिला सशक्तिकरण दिवस की श्रृंखला में ब्रह्मकुमारी बहने नगर नगर गांव गांव जाकर माताओं बहनों को जागरूक कर रही है। मंगलवार को नंदकर्ण माजरा में माता बहनों को जानकारी देते ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि सृष्टि में समाज में नारी का सम्मान सर्वोत्तम रहा है।

## जुलाना में मतगणना के दौरान 225 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात,14 टेबल पर दो राउंड में होगी गिनती

# निकाय चुनावः मतगणना आज, चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा

### कस्बे में भी सारा दिन हार-जीत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना नगरपालिका चुनाव के बाद बुधवार को मतगणना होगी। मतगणना के लिए प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात की गई है। जुलाना नगरपालिका चुनाव के बाद से हर किसी की जुबान पर एक ही बात है कि कौन बनेगा चेयरमैन। भाजपा ने पहली बार नपा चुनाव पार्टी सिंबल पर लडऩे का फैसला लिया और जुलाना से भाजपा ने जातिगत समीकरण साधने का काम किया और पिछड़े वर्ग से आने वाले डा संजय जांगड़ा को प्रत्याशी बनाया। भाजपा पार्टी के उम्मीदवार संजय जांगड़ा को पार्टी का सहारा है तो निर्दलीय उम्मीदवार जोगेंद्र लाठर को भाईचारे का सहारा है। दोनों में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। जुलाना में पहली बार कमल खिलाना भाजपा के लिए चुनौती है तो निर्दलीय उम्मीदवार को भाईचारे से आस है। आज फैसला हो जाएगा कि भाजपा कमल खिलाने में कामयाब होती है या फिर निर्दलीय उम्मीदवार अपनी पारी की शुरूआत में आगे बढ़ पाते हैं। प्रशासन द्वारा मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सबकी निगाहें निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार पर टिकीः सभी की निगाहें निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार को मिलने वाली वोटों को लेकर हैं। बाकी बचे उम्मीदवारों को मिली वोटों से ज्यादा सुनील को कितनी वोटें मिलेंगी उसकी ज्यादा फिक्र हैं। क्योंकि वह निर्दलीय प्रत्याशी थे जो दोनों उम्मीदवारों की एकतरफा जीत में बाधा बने हुए थे। निर्दलीय प्रत्याशी को मिलने वाली वोटों के आधार पर ही हार.जीत टिकी हुई है। अगर उनको कम वोटें मिलती हैं तो डॉ संजय जांगड़ा की जीत दिखाई पड़ती है और अगर इसको ज्यादा वोटें मिलती हैं तो फिर जोगेंद्र लाठर भारी पड़ सकते हैं। हार-जीत किसकी होगी इसका फैसला तो 12 मार्च को ही होगा। लेकिन इतना जरूर है नगरपालिका के चुनावी परिणाम ने लोगों की सांसे थाम रखी हैं। कांटे की टक्कर के कारण हार जीत को लेकर समर्थकों की सांसें बीच में अटकी हुई हैं। कस्बे में भी सारा दिन हार-जीत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है। चुनाव खत्म हो जाने के बाद अब लोगों को 12 मार्च तक का इंतजार करना मुश्किल हो रहा है। आमने. सामने की टक्कर में दोनों प्रत्याशियों की जीत का दारोमदार निर्दलीय उम्मीदवारों को मिलने वाली वोटों पर टिका हुआ है।

### चेयरमैनी के लिए पहली बार सीधा चुनाव



**पूंडरी।** नगरपालिका चुनाव का मतगणना कक्ष। *फोटो :हरिभूमि*

### मतगणना दो राउंड में होगी

जुलाना नपा चुनाव में मतगणना के ठीक पहले ही पता चल पाएगा कि पहले पार्षदों की वोटों की गिनती होगी या चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की। क्यास लगाए जा रहे हैं कि पहले चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की वोटों की गिनती होगी। मतगणना को लेकर 14 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना दो राउंड में होगी। पहले राउंड में चेयरमैन तो दूसरे राउंड में पार्षदों के वोटों की गिनती होगी।

### स्ट्रांग रूम पर 30 पुलिसकर्मी तैनात

जुलाना के थाना प्रभारी जगदीश राम ने बताया कि मतगणना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। मतगणना केंद्र पर पुलिस द्वारा 225 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा स्ट्रांग रूम के पर 30 पुलिसकर्मी तैनात रहे।

### जुलाना में वोटिंग

| बूथ | कुल वोट | पोल वोट |
|---|---|---|
| बूथ न. 01 | 985 | 756 |
| बूथ न. 02 | 1002 | 790 |
| बूथ न. 03 | 1129 | 879 |
| बूथ न. 04 | 917 | 571 |
| बूथ न. 05 | 1101 | 735 |
| बूथ न. 06 | 721 | 596 |
| बूथ न. 07 | 1322 | 822 |
| बूथ न. 08 | 1015 | 495 |
| बूथ न. 09 | 996 | 743 |
| बूथ न. 10 | 911 | 618 |
| बूथ न. 11 | 1129 | 817 |
| बूथ न. 12 | 758 | 567 |
| बूथ न. 13 | 905 | 669 |
| बूथ न. 14 | 773 | 626 |
| कुल मतदाता | 13665 | वोट पोल 9684 |

## कैथलः प्रधान-पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे 180 उम्मीदवारों के भाग्य का आज होगा फैसला

### कलायत, पुंडरी व सीवन में 350 कर्मचारी व अधिकारी तैनात किए

हरिभूमि न्यूजः कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि पूंडरी, सीवन व कलायत में निकाय चुनाव के दृष्टिगत 12 मार्च यानि बुधवार को मतगणना होगी, जिसके तहत प्रधान व पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे 180 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना केंद्रों पर बेरिकेटिंग करवा दी गई है, इसके साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। डीसी प्रीति लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में चुनाव डयूटी में मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों की फाइनल रेंडेमाइजेशन प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। डीसी प्रीति ने कहा कि इस मतगणना के कार्य को शांति पूर्ण संपन्न करवाने के लिए एसडीएम एवं कलायत आरओ अजय हुड्डा, कैथल एसडीएम एवं पूंडरी आरओ अजय सिंह, गुहला एसडीएम एवं सीवन आरओ कैप्टन प्रमेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारीगण की डयूटियां लगाई गई है। सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। कहीं भी लापरवाही न बरती जाए। मतगणना के दौरान चुनाव आयोग की हिदायतों का शत प्रतिशत पालन किया जाए।





**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। *फोटो :हरिभूमि*



**जुलाना।** मतदान केंद्र के बाहर तैनात पुलिस।

### यहां पर होगी मतगणना

डीसी ने बताया कि कलायत नपा के लिए नपा कार्यालय भवन में, पूंडरी नपा के लिए एंग्लो संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में व सीवन नपा के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतगणना होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। गणना के लिए तीनों नगर पालिकाओं में आठ-आठ टेबल लगाई जाएंगी और चार राउंड में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना टीम में प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सुपरवाईजर, दो मतगणना सहायक शामिल होंगे। रेंडेमाइजेशन के दौरान कैथल एसडीएम अजय सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, डीआईओ दीपक खुराना व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कैथल। निकाय चुनाव मतगणना को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये है, जिसके अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलायत, पुंडरी व सीवन में लगभग 350 कर्मचारी व अधिकारी तैनात किए गये है। मतगणना केंद्र में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहनता से तलाशी लेने के उपरांत ही केंद्र में प्रवेश करने दिया जाएगा। मतगणना केंद्र के बाहर या अंदर कोई भी व्यक्ति ब्लेड, बीडी, माचिस, मोबाईल फोन, खतरनाक रसायन, आग्नेय शस्त्र, ईत्यादी के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

### सीवनः मतगणना सुबह आठ बजे आरम्भ होगी

**सीवन।** सीवन नपा चुनाव की मतगणना को लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया। मतगणना को लेकर अभी से तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूल के हाल में जाली लगा दी गई है और बाकि त्यारियां भी पूरी कर ली गई हैं। सीवन नगर पालिका के सहायक चुनाव अधिकारी एआरओ रविंद्र हुड्डा ने बताया कि सीवन नगर पालिका में अध्यक्ष पद और पार्षद पद का परिणाम जारी करने के लिए आठ टेबल लगाई जाएंगी। इसी कड़ी में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के तहत मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के साथ करवाई जाएगी। मतगणना सुबह 8 बजे आरम्भ होगी।

## यूजीसी नेट परीक्षा में पाई सफलता

- सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। अंग्रेजी विषय से शीतल पुत्री दिलबाग नैन , ग्राम अमरगढ़ तथा हिंदी विषय से शीला पत्नी जसबीर ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने दोनों छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और समर्पण से हर असंभव लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता.पिता और गुरुजनों को देते कहा कि यह उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद का ही परिणाम है। महाविद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग की सभी प्रवक्ताओं ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए प्रेषित कीं। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेश सिंघल, उप.प्रधान राजकुमार गोयल ने बधाई दी।



**नरवाना।** सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## कैथलः अवैध निर्माण पर चलवाया पीला पंजा

### जमीन पर निर्माण करने से पहले विभाग से अनुमति प्राप्त करें

- इस दौरान डीटीपी राज कीर्ति बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से चीका के अधीन पड़ने वाली राजस्व संपदा कलर माजरा एवं खुशहाल माजरा में बने अवैध निर्माण को जेसीबी चलाकर हटाया गया। इस दौरान डीटीपी राज कीर्ति बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं।

उन्होंने बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माणों को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचा और गुहला-चीका की राजस्व संपदा कलर माजरा में बने बैक्वेट हॉल तथा खुशहाल माजरा में बने एक राईस मिल्स और एक अन्य निर्माण पर तोड़-फोड की कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार राजकीर्ति ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में नियंत्रित क्षेत्र चीका में अवैध निर्माण करने का मामला आया है, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भू स्वामियों को पीसीआर एक्ट 1963 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने बारे आदेश दिए गए थे। लेकिन भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग से जमीन पर निर्माण करने से पहले अनुमति प्राप्त करें।



**कैथल।** कलर माजरा में अवैध कब्जे हटवाती जेसीबी। *फोटो :हरिभूमि*

### गांववासियों ने किया भव्य स्वागत, खुली जीप में घर लेकर पहुंचे

# गांव हाट का बेटा मीत सेना में बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों उपमंडल के गांव हाट का बेटा मीत सिंघल सेना में लेफ्टिनेंट नियुक्त हुआ है। उसकी नियुक्ति पर गांव हाट ही नहीं पूरे सफीदों क्षेत्र में खुशी की लहर है और उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मंगलवार को नवनियुक्त लेफ्टिनेंट मीत सिंघल गांव हाट पहुंचे तो परिजनों, ग्रामीणों व सामाजिक लोगों ने उसका भव्य स्वागत किया। गांव के बाहर से ही मीत सिंघल को रिसिव किया गया और उसे खुली जीप में घर पर ले जाया गया। अखिल भारतीय बूरा सिरोही खाप, हटकेश्वर धाम समिति, रविदास मंदिर सभा के पदाधिकारियों समेत अनेक ग्रामीणों ने मीत सिंघल को नोटों व फूलों की मालाएं पहना कर स्वागत किया। मीत सिंघल ने गांव के ऐतिहासिक हटकेश्वर तीर्थ व रविदास मंदिर में माथा टेका। नवनियुक्त लेफ्टिनेंट मीत सिंघल ने बताया कि उसे यह सफलता चौथे प्रयास में प्राप्त हुई है। वह 12वीं कक्षा पास करने के उपरांत टेलीविजन देख रहा था। टेलीविजन में उस वक्त कार्यक्रम चल रहा था कि सेना के अधिकारी देश की सुरक्षा करते हुए कैसे सर्चिंग ऑप्रेशन को अंजाम तक पहुंचाते हैं और वे ऑप्रेशन के दौरान अपनी जान की प्रवाह नहीं करते है।





**सफीदों।** सेना में लेफ्टिनेंट बने मीत सिंघल का अभिनंदन करते ग्रामीण।

### देश में 24 रैंक रहा

जिला राजस्व अधिकारी पद से सेवानिवृत्त मीत सिंघल के पिता सुरेश कुमार ने बताया कि मीत के अंदर सेना का अधिकारी बनने के लिए काफी मेहनत की तथा उसके अंदर इस पद को लेकर जज्बा था। मीत के लिए 24 का अंक बड़ा सौभाग्यशाली रहा है। पूरे भारत में मीत का रेंक 24 रहा और उसे चेस्ट नंबर भी 24 मिला। बताया कि मीत ने इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री की है। उसने सेना में कमीशन पास कर पैतृक गांव का पहला आर्मी कमीशन पास अधिकारी बना।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

- ड्यूटी के लिए निकला था सावित्री नगर निवासी बलराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

औद्योगिक क्षेत्र के निकट मंगलवार को कार की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक कर समेत मौके से फरार हो गया। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सावित्री नगर निवासी बलराम (57) मंगलवार को साइकिल पर सवार होकर औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी में ड्यूटी के लिए निकला था। जब वह औद्योगिक क्षेत्र के निकट पहुंचा तो पटियाला चौक की तरफ से आई कार ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें बलराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक कर समेत मौके से फरार हो गया। रहागीरों ने बलराम को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे एश्वर्य ने बताया कि उसका पिता औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी में काम करता था। हर रोज की तरह सुबह साइकिल पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकला था।

## खबर संक्षेप

### फ्री दाखिला देने के लिए 15 से कर सकेंगे आवेदन

**जींद।** चिराग योजना के तहत मेधावी विद्यार्थी निजी स्कूलों में निशुल्क दाखिला देने के लिए 15 मार्च से आवेदन कर सकेंगे। विभाग ने 24 फरवरी से सात मार्च तक निजी स्कूलों से दाखिला देने के लिए पोर्टल पर सहमति मांगी थी। ये आवेदन निजी स्कूलों की ओर से विभागीय पोर्टल पर किए हैं। अब विभाग की ओर से इन आवेदन करने वाले स्कूलों की सूची जारी होगी। विभाग के पोर्टल पर लगातार स्कूलों की सूची अपडेट हो रही है।

### जींद के पटवार खाना में रक्तदान शिविर आज

**जींद।** 12 मार्च को जींद में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधन में जींद के पटवार खाना में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। रक्तदान शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी को रक्तदान करने के लिए आग्रह किया गया है। जिला जींद के सभी पटवारी इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करेंगे। जींद नागरिक अस्पताल बल्ड बैंक में इस शिविर से 100 यूनिट बल्ड एकत्रित करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### द्वादशी पर संगीतमय सुंदर पाठ का आयोजन

**जींद।** श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी के सौजन्य से 26वें फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन संगीतमय सुंदर पाठ का खूबसूरत कीर्तन पंडित राजन शांडिल्य जगाधरी वालों ने उपस्थित भक्तजनों के सहयोग से किया। मंगलवार के इस द्वादशी के मुख्यअतिथि अनिल बंसल तथा सोनिया बंसल रहे। श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी के उपसेवक सुरेंद्र गोयल ने बताया कि फागण की द्वादशी के दिन ही बाबा श्याम ने अपने शीश का दान भगवान श्रीकृष्ण को दिया था।

### वर्षा, मनप्रीत सुमन व काजल की टीम प्रथम

**जींद।** राजीव गांधी कालेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के छठे दिन डा. राजेश श्योकंद की अगुवाई में आयोजित किया गया। बताया कि पहले सत्र में विद्यार्थियों ने कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में रस्साकसी, तीन टंगड़ी दौड़, चम्मच दौड़ व 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस का आयोजन किया गया। रिले रेस में वर्षा, मनप्रीत सुमन व काजल की टीम ने प्रथम खुशी व मोनिका की टीम ने द्वितीय स्थान पर रही।

### महिलाएं स्थापित करें अपना खुद का रोजगार

**जींद।** बनिया खेड़ा गांव में पंजाब नेशनल बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने बारे जानकारी दी गई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अनिता जामनी ने कहा पीएनबी बैंक स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बहुत से प्रशिक्षण दिए जाते हैं। जैसे सिलाई, कड़ाई, ब्यूटी पार्लर, आचार मुरब्बा, मधुमक्खी पालन, कंप्यूटर कोर्स आदि जिनको सीखने के बाद महिलाएं अपना खुद का रोजगार स्थापित कर सकती हैं।

### पंजाबी धर्मशाला में होली महोत्सव कल

**जींद।** रिद्धि सिद्धि क्लब के तत्वावधान में 13 मार्च को पुराना बस अड्डा स्थित पंजाबी धर्मशाला में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। क्लब संचालक प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में वृंदावन धाम से श्यामा श्याम भजन सुना कर श्रद्धालुओं को भक्ती गीतों से सरोबार करेंगे। भक्तों संग फूलों की होली खेली जाएगी।

### शराब तस्करी मामले में बेल जंपर आरोपित काबू

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश ने अपराधी किठाना निवासी अमन को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमन को 10 अक्टूबर 2020 को चौकी किठाना पुलिस ने थुआ किठाना मोड़ से 7.5 बोतल शराब सहित काबू किया गया था।

---

### सीआरएसयू में दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी राजस्थान को हराकर एमडीयू रोहतक जीता

### खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग : प्रो. लवलीन

विवि के निदेशक खेल परिषद डा. नरेश देशवाल ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी सर्कल स्टाइल प्रतियोगिता के दूसरे रोमांचक मुकाबले हुए। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। विश्वविद्यालय के निदेशक खेल परिषद डा. नरेश देशवाल ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने टीमों से परिचय कर की। प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से चरित्र का व चरित्र से राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए खेल राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। मैचों में खिलाडियों के बीच प्रतिस्पर्धा को देख टीमों की


जींद। मुकाबलों में दम दिखाती खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



तारीफ की और कहा कि यह खेल न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देता है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और मजबूत बनने में भी मदद करता है। महिला कबड्डी से लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलता है और समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाया जाता है। सायंकालीन होने वाले मैचों में डा. सुनील रोहिल्ला व डा. राकेश सिंहमार बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे और टीमों से परिचय प्राप्त किया एवं टीमों को शुभकामनाएं दी। सायंकालीन मैच की शुरुआत एफओ सतीश काजला, एसडीओ ललित ने संयुक्त रूप से करवाई। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन डा. अतुल सहारा, डा. अजमेर, रामपाल, सुरेश पहलवान, संदीप कोच, राजवीर कोच, अनिल और जीजेयू हिसार के कोच मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

#### इन टीमों के बीच मुकाबले

खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल ने बताया कि आज सुबह पहला मैच एमडीयू रोहतक वर्सेज मेवाड़ यूनिवर्सिटी राजस्थान के बीच हुआ। जिसमें एमडीयू रोहतक 44-14 के स्कोर से विजेता रही। दूसरा मैच चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी, सिरसा वर्सेस जीजेयू हिसार के बीच रहा। जिसमें सीडीएलयूए सिरसा 42-22 के स्कोर से विजेता रही। सायंकालीन मैच बीपीएस खानपुर वर्सेस आरएमएस छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें बीपीएस खानपुर 35-16 के स्कोर से विजेता रही।

---

# राधा-कृष्ण की झांकी से मोहा मन

- वूमेन इरा फाउंडेशन ने संकीर्तन करके मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों


सफीदों। संकीर्तन करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

वूमेन इरा फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर की आनंद कालोनी में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्षा गीतांजली कंसल ने की। इस अवसर पर काफी तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद थे। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण झांकी ने सभी का मन मोह लिया। तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजे, कान्हा तेरे संग होली खेलन आए, कन्हैय्या ले चल परली पार, राधे-राधे श्याम मिला दे जैसे भजनों पर भक्त झूमने पर विवश हो गए। श्रद्धालुओं ने सजे, धजे राधा-कृष्ण स्वरूपों के साथ भजनों पर जमकर नृत्य किया तथा रंग-गुलाल व फूल बरसाकर जमकर मस्ती की। कार्यक्रम में ऐसा लग रहा था मानो पूरा गोकुल, वृदांवन व बरसाना यहां उतर आया हो। अपने संबोधन में गीताजंली कंसल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इसके साथ ही बसंत ऋतु का स्वागत किया जाता है। होली के त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली न केवल रंगों का पर्व है, बल्कि यह पुराने मतभेदों को मिटाने और सभी को एक साथ लाने का भी पर्व है। इस त्यौहार पर आपस में किसी प्रकार को कोई भेद नहीं होता। सभी विभिन्न प्रकार के रंगों से ओतप्रोत हो जाते है। हर इंसान को इस पर्व से सीख लेकर अपने जीवन का यापन मानवसेवा व अध्यात्मिकता के साथ करना चाहिए।


नरवाना। जनसमस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### नरवानाः एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी में मंगलवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ । बताया कि यह शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना हैए ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके।

### हमला करने का चौथा आरोपी काबू

**जींद।** शिव कालोनी में भाजपा नेता के रिश्तेदारों पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा करने, फायर कर महिला को घायल करने पर पुलिस ने चौथे आरोपी को काबू किया है। आरोपित की पहचान डूमरखां कलां निवासी अमरजीत के रूप में हुई है। अमरजीत ने मुख्य आरोपित अंश को अवैध असलहा उपलब्ध करवाया था। इससे पहले पुलिस इस मामले में गांव रामराये निवासी अमरजीत, शिव कालोनी निवासी अंश व प्रवीण को गिरफ्तार कर चुकी है। न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी रवि ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ को शिव कालोनी निवासी अंश व भाई हर्ष, प्रवीण, दीपक, प्रवीण सहित अन्य लड़कों ने बाइक चलाने से रोकने की रंजिश के चलते उनके साथ मारपीट की थी।

### एसडीएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का दौरा

**नरवाना।** नशा व्यक्ति के जीवन की अकाल बर्बादी का कारण बनता है और साथ ही नशेड़ी के पूरे परिवार की खुशियों को मिट्टी में मिला देता है लिहाजा हर व्यक्ति विशेष कर युवा पीढ़ी को ड्रग्स यानी हर प्रकार की नशीले पदार्थ का सेवन करने से पूर्णतया परहेज रखना चाहिए ताकि वह सुखद एवं सुखमय जीवन जी सके। ये विचार एसडीएम जगदीश चंद्र ने मंगलवार को उपमंडल के गांव गढ़ी में संचालित नशा मुक्ति केंद्र ;संजीवनीद्ध का दौरा करने उपरांत व्यक्त किये। कहा कि कुछ इलाकों विशेषकर पड़ोसी राज्य की सीमा से सटे गांव में युवा पीढ़ी में नशे का जहर फैल रहा है। जो सीधे-सीधे जीवन की बर्बादी यानी मौत का पैगाम है। आमतौर पर देखने में आ रहा है कि शुरुआती दौर में युवा शौक के रूप में नशा करना शुरू करता है जो धीरे-धीरे शरीर को पूर्ण रूप से जकड़ लेते हैं।


नरवाना। होलिका दहन की तैयारी करते हुए। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### धूमधाम से मनाया जाएगा होलिका दहन

**नरवाना।** अग्रोहा धाम ट्रस्ट एवं अग्रवाल जन जागरण मंच नरवाना के संयुक्त तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 13 मार्च को हुड्डा ग्राउंड में होलिका दहन बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्था के प्रधान रोहताश सिंगला ने कहा कि होलिका पूजन से पहले विधि अनुसार उसका डंडा लगाया जाता है इसलिए आज त्रिवेणी चैंक नजदीक हुड्डा मार्किट में पूजन करके होली का डंडा लगाया गया ताकि होली वाले दिन इसे स्थापित कर पूजन किया जा सके। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण मित्तल दनौदा पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल वैश्य समाज ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि जियालाल गोयल पूर्व मण्डी प्रधान व सचिव एसडी कन्या महाविद्यालयए विशिष्ट अतिथि रोशन लाल प्रमुख समाजसेवीए ईश्वर गोयल पूर्व वीजेपी मण्डल अध्यक्ष नरवानाए हंसराज समैण पूर्व चैयरमैन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### महिला कॉलेज की मांग उठाई

**जुलाना।** जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने विधानसभा में जुलाना क्षेत्र में महिला कालेज की मांग उठाई। कहा कि जुलाना क्षेत्र में लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा का बंदोबस्त नही है। इस पर शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि दो किलोमीटर की दूरी पर ही कालेज है, जहां पर सीटें खाली पड़ी हैं। उनके बाद सीएम ने कहा कि एक किलोमीटर की दूरी पर इंडस कालेज है, वहां भी सीटें खाली पड़ी हैं। पहले सीट भरने में मदद करिए उसके बाद जो भी जरूरत होगी, उसे पूरा किया जाएगा। विधानसभा सत्र में विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि वो जुलाना विधानसभा से एक लड़की एक खिलाड़ी विधायक बन कर आई है तो वो लड़कियों के लिए हम उच्च शिक्षा देने का कष्ट करेंगे तो आपका भी भला होगा। मेरे को भी खुशी होगी कि हमने लड़कियों के लिए कुछ किया है।


जींद। विधानसभा में बोलते विनेश फोगाट। फोटो :हरिभूमि


जींद। सरकारी स्कूलों में एचकेआरएन के माध्यम से कार्यरत शिक्षक।

### वेतन नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

**जींद।** सरकारी स्कूलों में एचकेआरएन के माध्यम से कार्यरत शिक्षकों को आठ माह से वेतन नही मिला है। हरियाणा कौशल अध्यापक एसो के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सैनी ने कहा कि वेतन नहीं मिलने का कारण विभाग द्वारा समय पर बजट जारी नही करना है। इस समस्या के बोर में शिक्षा मंत्री के साथ-साथ शिक्षा सदन के उच्च अधिकारियों को समय-समय पर अवगत करवाया जा चुका है लेकिन आज तक विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही मिले हैं। आठ माह से वेतन नहीं मिलने से सभी अध्यापकों के परिवार आर्थिक रूप से बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां सरकार समय-समय पर नौकरी सुरक्षा के वायदे कर रही है, वहीं शिक्षा सदन से हर वर्ष आगामी वर्ष के लिए सेवाकाल विस्तार का विभागीय पत्र निकलवाना भी एक टेढ़ी खीर के समान है।


जींद। काव्य गोष्ठी में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### काव्य गोष्ठी का आयोजन

**जींद।** शिव कालोनी स्थित अक्षर भवन में जनवादी लेखक संघ की ओर से श्री राममेहर सिंह खर्ब कमेरा की अध्यक्षता में होली उत्सव के उपलक्ष्य में काव्य एवं विचार संगोष्ठी आयोजित की। जिसमें पूर्व मुख्याध्यापक सुमेर सिंह सुमरा, मंगतराम शास्त्री, सोहनदास, सुनील सैनी, रामफल दहिया, चमन लाल, राजेश, अमनदीप, कर्मबीर संधू व आजाद पांचाल ने शिरकत की। गोष्ठी का आगाज संगीत प्राध्यापक चमन लाल ने गोपालदास नीरज की गजल अब तो मजहब कोई ऐसा भी चलाया जाए, जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए गाकर किया। रामफल दहिया ने कहा कि हमें मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली खेलनी चाहिए और पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली हर गतिविधि से बचना चाहिए।

# किसानों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

- बिजली कानून व स्मार्ट मीटर योजना रद की जाए, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को किसानों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन एसडीएम सत्यवान मान को सौंपा। प्रदर्शन में किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन से संबंधित किसानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रदर्शन से पहले नेहरू पार्क में किसानों ने रोष बैठक की। जिसकी अध्यक्षता किसान नेता बारु राम, चांद बहादुर, रमेश कंडेला, सिक्किम, आजाद पालवां, मजदूर नेता रमेश चंद्र ने की। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश का किसान अपनी मांगों व मुद्दों को लेकर लगातार


जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

आंदोलनरत है लेकिन केंद्र व प्रदेश कि बीजेपी सरकार लगातार इनकी अनदेखी कर रही है। जिस कारण किसानों कि समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

किसान नेताओं ने बताया कि 25 नवंबर 2024 को केंद्र सरकार कृषि विपरण पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क लेकर आ गई। जो रद्द किए गए तीन कृषि कानूनों में से एक है। अर्थात रद्द करवाए गए तीन कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से लागू करना चाहती है। जिसे किसान कभी भी बर्दाश्त नही करेगी। किसान नेताओं ने बताया कि केंद्र सरकार बिजली कानून लेकर आ रही है, साथ ही स्मार्ट मीटर योजना लागू कर रही है। जिनके आने के बाद आम जनता कि पहुंच से बिजली लगभग बाहर हो जाएगी।


जींद। अभियान के तहत बकेट फैंकते प्राचार्य सत्यवान मलिक। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्त जीवन अभियान चलाया

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में नशा मुक्त जीवन बकेट चैलेंज अभियान चलाया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह अभियान एक शक्तिशाली सामाजिक आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है। जिसने विशेष रूप से युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित किया। इसकी सरल लेकिन गहन अवधारणा, गंदे पानी की एक बाल्टी फेंकना, जो नशीली दावों की अस्वीकृति का प्रतीक है। लाखों लोगों के बीच गूंजी और सोशल मीडिया पर नशे की लत और उसे उभरने के बारे में सार्थक चर्चाएं शुरू हुई है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमन ने बताया कि यह प्रतीकात्मक अभियान जागरूकता बढ़ाने और नशा मुक्ति हरियाणा के लिए सामूहिक प्रत्येक बढ़ता को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

### जिला स्तरीय ऑनलाइन स्टार्टअप प्रतियोगिता का आयोजन

# अमन ने पाया पहला स्थान, गौरव द्वितीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजकीय महाविद्यालय जींद में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में उद्यमिता विकास क्लब एवं कॉमर्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय ऑनलाइन स्टार्टअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय अलेवा, एसडी गर्ल्स कॉलेज उचाना मंडी, शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना, सरला मेमोरियल राजकीय महिला महाविद्यालय सफीदों, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला



जींद। ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

महाविद्यालय जींद और राजकीय महाविद्यालय जींद सहित जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 48 प्रतिभागियों ने अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण की। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आधुनिक समय में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विद्यार्थियों को इनमें सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए ताकि उनमें उद्यमिता कौशल एवं प्रेरणा विकसित हो सके। वाणिज्य सोसाइटी की संयोजिका डा. ज्योति लाडवाल ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में तकनीकी सहयोग प्रदान किया और प्रतिभागियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति देने का उपयुक्त मंच उपलब्ध कराया। उद्यमिता विकास क्लब की संयोजिका प्रो. यशवंती ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

#### ये रहे मौजूद

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सहायक प्रो. मनोज सिवाच, प्रो. सोनू सिहाग एवं प्रो. भगवान दास शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमन रेढू, एमएससी प्रीवियस, द्वितीय स्थान पर गौरव एमकॉम प्रीवियस राजकीय महाविद्यालय जींद और तृतीय स्थान पर नवीन कुमार बीकॉम द्वितीय वर्ष शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कालेज जुलाना रहे। प्रतियोगिता के दौरान कमेटी के सदस्य प्रो. नवीन सिंगला, प्रो. ऊषा, प्रो. रवि कुमार, प्रो. निशा भी उपस्थित रहे।


जींद। रेस्क्यू किए गए बच्चों के साथ टीम के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### आठ बच्चों को भीख मांगते रेस्क्यू किया

**जींद।** मिशन मुस्कान के तहत जिला पुलिस की मानव तस्कर विरोधी इकाई द्वारा चलाए गए अभियान में जींद शहर से आठ बच्चों को भिक्षा मांगते हुए रेस्क्यू किया गया है। उल्लेखनीय है की राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के निर्देश पर एक मार्च से 31 मार्च तक हरियाणा सहित पूरे देश में बच्चो के कल्याण के लिए मिशन मुस्कान चलाया जा रहा है। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि मानव तस्कर विरोधी इकाई के इंचार्ज संदीप के नेतृत्व में शहर में चलाए गए सयुंक्त अभियान के दौरान स्थानीय नए बस स्टैंड से आठ छोटे बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया गया। इनमें छह लड़कियां जबकि दो लड़के शामिल हैं। इनमें पांच तो सगी बहने थी। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों की उम्र 6 से 12 वर्ष पाई गई। सभी बच्चों की संबंधित पुलिस स्टेशन में डीडीआर दर्ज करवा कर जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## खबर संक्षेप



कैथल। एसएचओ महिला थाना वीना ग्रामीणों को जागरूक करते हुए

### नशा न करने बारे किया लोगों को किया जागरूक

**कैथल।** समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करने के लिए एसपी राजेश कालिया द्वारा विशेष मुहिम चलाई गई है। इसी मुहिम तहत एसएचओ महिला थाना एसआई वीना की टीम द्वारा गांव कल्लरमाजरा में महिलाओं व पुरुषों को नशा ना करने बारे, साइबर अपराध, महिला विरुद्ध अपराध, ट्रैफिक नियमों बारे जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बताया गया कि कैथल पुलिस शुरूआत से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, डायल 112, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम आदि बारे जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की सूचना बेझिझक पुलिस को दें, आपकी हर प्रकार की सहायता कि जाएगी। नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता।

## गांव में जल बचाओ विषय को लेकर ग्रामसभा करवाने के आदेश

गर्मी की तैयारियों को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# गर्मी में पेयजल को लेकर उठाए जाएं विशेष कदम : डीसी प्रीति

*इंसान हो या पशु किसी के लिए न हो पेयजल की कमी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि जिले के किसी भी क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। शहरी व ग्रामीणों इलाकों में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से जारी रहे। कहीं पर कोई सबमर्सीबल या अन्य साधन खराब हैं तो उसको समय रहते ठीक करवाए जाए। इंसानों के साथ-साथ पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

डीसी प्रीति मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में गर्मी के मौसम को देखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहीं थीं। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग, शहरी निकाय तथा बीडीपीओ यह सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी पानी की बबार्दी न हो। कहीं पर भी पानी की लीकेज है, तो उसे तुरंत ठीक करवाया जाए। जल बचाने को लेकर आमजन को जागरूक किया जाए। गांव में जल बचाओ विषय को लेकर ग्राम सभा करवाई जाए। इसके साथ ही सभी पार्षदों भी सुश्चित करें कि उनके वार्ड में पानी को लेकर आमजन को कोई समस्या न आए। बिजली विभाग को निर्देश दिए कि वे गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुश्चित करें।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बैठक में ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, डीएमसी सुशील कुमार, कैथल एसडीएम अजय सिंह, गुहला एसडीएम प्रमेश कुमार, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, जिला परिषद डिप्टी सीईओ रितु लाठर, कार्यकारी अभियंता प्रशांत ग्रोवर, प्रशांत सिलवानिया, गौरव कंसल, बीडीपीओ समिता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।*

### जल संरक्षण के निर्देश

उन्होंने कहा कि अधिकारी सर्वे करवाएं कि किस ढानी में पानी की उचित उपलब्धता नहीं है। सभी एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में पता करें कि पशुओं के पानी के लिए कितने तालाब हैं और वे किस अवस्था में हैं। पशुपालन विभाग के अधिकारी पशुधन से संबंधित रिपोर्ट एसडीएम को उपलब्ध करवाएं। जिला की सभी गऊशालाओं में गर्मी से बचाव को लेकर व्यापक प्रबंध किए जाएं। डीसी प्रीति ने जल संरक्षण को लेकर भी जोर दिया। उन्होंने वाटर रिचार्ज तथा जल संरक्षण को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। ज्यादा से ज्यादा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएं।



कैथल। अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

## विद्यार्थियों ने एथलेटिक मीट में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में दो दिवसीय वार्षिक दिवस और एथलेटिक मीट समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में साकेत मंगल अधिवक्ता, पूर्व प्रधान और विशिष्ट अतिथि उप प्रधान श्याम बंसल ने भाग लिया। आरकेएसडी प्रबंधक समिति एवं आरवीएस के प्रधान अश्विनी शोरेवाला, महा सचिव पंकज बंसल, कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी और फामेर्सी कॉलेज के डायरेक्टर प्रवीण जैन की गरिमामय उपस्थित ने आयोजन की खूबसूरती को और बढ़ा दिया। फामेर्सी कॉलेज के प्रधान नवनीत गोयल अधिवक्ता ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया और कहा कि साइंस के बच्चों के लिए खेलना कूदना बहुत जरूरी है ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। कॉलेज में बास्केटबॉल और बॉक्सिंग अकादमी के लिए भी आवेदन किया गया है, जिसका अनुमोदन जल्द ही होने की उम्मीद है।डॉ रश्मि ने बताया कि इस आयोजन में कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई, जिनमें 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, लंबी कूद, चाटी रेस, लेमन रेस, सैक्रीज और म्यूजिकल चेयर गेम शामिल थे। इस आयोजन में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इसमें छात्राओं का उत्साह देखने लायक था।

धरना-प्रदर्शन कर मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर किया शहर में प्रदर्शन

देशभर के किसानों की समस्याएं एवं मुद्दे ज्यों के त्यों लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से कैथल के लघु सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को मांगों का ज्ञापन सौपा गया। इसकी अध्यक्षता कामरेड महेंद्र सिंह ने की।

इस धरना प्रदर्शन में आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य उपप्रधान कामरेड बाबू राम, जिला अध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा, किसान सभा से महेंद्र सिंह,भारतीय किसान यूनियन से सतपाल दिलोवाली, क्रान्तिकारी यूनियन उगराह से मास्टर कंवलजीत सिंह, किसान सभा से महेंद्र सिंह बरोट ने प्रदर्शन कारियों को सम्बोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार किसानों की प्रमुख मांगे और देश भर के किसानों की समस्याएं एवं मुद्दे ज्यों के त्यों लंबित हैं जिनका समाधान न होने से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसलिए आप से अपील करते हैं कि किसानों के मुद्दों के समाधान के लिए संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करने का समय दें और इनके समाधान की दिशा में उचित कदम उठाएं। मुख्य मांगे केन्द्र सरकार द्वारा 25 नवम्बर, 2024 को जारी की गई कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क को हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर वापिस लिया जाए और इसे प्रदेश में न लागू किया जाए, बिजली कानून और स्मार्ट मीटर योजना रद्द करो, स्वामी नाथन आयोग की सिफारिश अनुसार सी टू +50 प्रतिशत पर खरीद की कानूनी गारंटी दी जाए।

किसान आंदोलन के दौरान और उसके बाद के किसानों पर बनाए हुए सभी मुकदमें खारिज करो। पराली के नाम पर दर्ज केस रद्द करो।




कैथल। संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए ।

कैथल एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने लिया हरियाणा की टीम में भाग

## हरियाणा की टीम ने हासिल किया वाटर पोलो मुकाबले में द्वितीय स्थान

- गांधीनगर में सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता के वाटर पोलो मुकाबले आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुजरात के गांधीनगर में पांच से सात मार्च तक आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता के वाटर पोलो मुकाबले में हरियाणा की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया है।

कैथल एडीसी आईएएस दीपक बाबू लाल करवा ने इस टीम में खेलकर सराहनीय योगदान दिया। सिल्वर मेडल मिलने पर डीसी प्रीति ने एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। डीसी ने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। हमें अपने व्यस्त जीवन में खेलों के लिए भी समय निकालना चाहिए। एडीसी कैथल ने अपने खेल के माध्यम से हरियाणा की टीम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। वहीं एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि हरियाणा की वाटर पोलो टीम ने अपने शुरूआती मुकाबले जीतकर फाइनल तक शानदार सफर तय किया।

फाइनल में हरियाणा की टीम ने भाग लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होंने टीम में भाग लेने में सहयोग व मार्गदर्शन के लिए डीसी प्रीति का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं हो पाता।



कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा को सम्मानित करती डीसी प्रीति।



- विधायक आदित्य सुरजेवाला ने विधानसभा में रखी अपनी बात।

### विधायक आदित्य सुरजेवाला ने पेपर लीक, अध्यापकों के खाली पड़े पद को लेकर सरकार पर दागे सवाल

**कैथल।** कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरियाणा विधानसभा के सत्र में आज पेपर लीक, अध्यापकों के खाली पड़े पद को लेकर भाजपा सरकार पर तीखे सवाल दागे। आदित्य सुरजेवाला ने अपने अभिभाषण में बोलते हुए कहा कि आज युवाओं को भाजपा सरकार ने बेरोजगारी के गड्ढे में धकेल दिया है। बेरोजगारी वश परेशान युवा अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर विदेशों में रोजगार के लिए जाने को मजबूर है। पिछले 15 दिनों में हरियाणा प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों में हुए पेपर लीक ने युवाओं के भविष्य पर हमला बोला है, उनके अधिकारों व सपनों को चकनाचूर किया है। 10वीं का गणित का पेपर लीक हुआ, 12वीं का अंग्रेजी का पेपर लीक हुआ। साल 2019-20 से हर पेपर लीक हो रहा है। रोहतक के मेडिकल कॉलेज में पिछले 10 सालों से भाजपा सरकार की नाक के नीचे नकली डॉक्टर बनाने का एक गैंग खुलेआम काम कर रहा है। हरियाणा प्रदेश पेपर लीक का सबसे बड़ा उद्योग बन चुका है। लढरउ ऑफिस में अटैची कांड से रूह कांप उठती हैं।

गांव में रखे भाईचारा और किसी भी प्रकार की गुटबाजी से रहें दूर

## ग्रामीण भ्रमण के तहत पुलिस अधिकारियों ने गांव संगतपुरा व उझाना का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बुधवार को डीएसपी बीर भान, इंचार्ज चौकी क्योड़क एएसआई दयानंद व चौकी संगतपुरा प्रभारी एएसआई बलजीत की टीम द्वारा गांव संगतपुरा, उझाना व जसवंती में तथा डीएसपी सुशील प्रकाश व एसएचओ पूंडरी इंस्पेक्टर रमेश कुमार द्वारा गांव फतेहपुर, जांबा, डुलयानी, बुच्ची में जाकर ग्रामीणों व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया।

इस दौरान डीएसपी द्वारा गांव वासियों की समस्याएं सुनी व उनका मौके पर ही निपटारा किया। ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए डीएसपी ने कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की ओर ज्यादा अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे से बचाएं व सामाजिक कार्यो में सहयोग के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि गांव में शांति का माहौल बना रहे और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की गुटबाजी से दुर रहे। यदि कोई गांव में नशा बेचता है या किसी किस्म का अपराध करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा व अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीएसपी ने गांव में ज्यादा से ज्यादा कैमरे लगवाने बारे, ग्रामीणों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, गाडी चलाते समय सीट बेल्ट लगाने लिए भी प्रेरित किया।



कैथल। डीएसपी बीरभान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

कार्यक्रम में भाग लेने की अपील

## पाई गांव में आज होगा पूजा नरवाल का सम्मान समारोह : कोच शमशेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव पाई की बेटी पूजा नरवाल ढूल ने 6वीं एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि के सम्मान में ग्राम पंचायत पाई और आर.एस. कबड्डी क्लब पाई द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।



कोच शमशेर

शमशेर सिंह कोच ने बताया कि यह सम्मान समारोह 12 मार्च को राजकीय कन्या विद्यालय, पाई में आयोजित होगा। इस समारोह में पूजा नरवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कई गणमान्य हस्तियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें शामिल हैं, कुलदीप दलाल (चेयरमैन,ए.के.ए.एच.) व नसीब जांगू (सचिव, ए.के.ए.एच.)। समारोह में स्व. राजबीर सिंह (पूर्व कबड्डी कोच) को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनका योगदान क्षेत्र में कबड्डी को बढ़ावा देने में अहम रहा है। कोच ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लें और पूजा नरवाल को सम्मानित कर इस गर्व के क्षण को यादगार बनाएं।



**डीसी प्रीति राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का विधिवत उद्घाटन करते हुए।**

## सरल केंद्र में बना जिला सूचना विज्ञान केंद्र का नया कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र भवन के ऊपर प्रथम तल पर बने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने नए कार्यालय के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दीपक खुराना को बधाई दी।

उन्होंने पूरे कार्यालय का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। दीपक खुराना ने बताया कि यहां पर एक 20 सिस्टम से सुसज्जित आईटी लैब भी बनाई जाएगी। जहां पर भविष्य में राजस्व, कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित डाटा अपडेट किया जाएगा। इसके साथ आईटी विषय को लेकर समय समय पर सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पहले यह कार्यालय लघु सचिवालय के दूसरे तल पर था। इस अवसर पर सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईपीआरओ नसीब सिंह, रेडक्रास सोसायटी सचिव रामजी लाल, पीडब्लयूडी एसडीओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

*डीसी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश*

कार्यक्रम | केवल एक राजनेता नहीं बल्कि भाजपा के स्तम्भ थे वाजपेयी : कठवाड़

प्रबुद्ध जन सम्मेलन में जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया गया

# अटल शासन में देश ने तरक्की की जो रफ्तार पकड़ी, उसे भुला नहीं सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा कार्यालय कपिल कमल में अटल शताब्दी वर्ष के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने की। मुनीष कठवाड़ ने कहा है कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में देश ने तरक्की की जो राह पकड़ी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि अटल जी ने जिस कार्यकुशलता से कई दलों को जोड़कर शासन चलाया, उसी की बदौलत देश में एनडीए की मजबूती की नींव पड़ी और आज नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर शासन चला रहे हैं। मुनीष कठवाड़ ने आगे कहा कि प्रबुद्ध जन सम्मेलन में अटल शासन में हुए विकास व जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया गया। अशोक गुज्जर ढांड ने कहा कि सड़कों के लिए चतुर्भुज योजना, पोखरण परमाणु परीक्षण करना, किसानों के लिए केसीसी योजना, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर रोक लगाकर घर-घर सिलेंडर पहुंचाना प्रमुख काम था। इसके अलावा कारगिल युद्ध के समय मजबूती से दुश्मन का मुकाबला करना, शहीदों के शवों को पहली बार सम्मान के साथ ताबूत में उसके घर तक पहुंचाना जैसे अनेक कार्य थे, जिससे परिजनों को लगता था कि हमारा जवान देश के लिए शहीद हुआ है और सरकार ने उसे वो सम्मान दिया है, जिसका वो हकदार था। हमें उनके कार्यों को आत्मसात करना चाहिए क्योंकि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि भाजपा के स्तम्भ थे। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर,पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, राजपाल तंवर, सुभाष हजवाना, जसवंत पठानिया, सुरेश संधू, राज रमन दीक्षित, फौजी कर्मवीर, रवि भूषण गर्ग, राम प्रताप गुप्ता हरि चंद जांगड़ा कृष्ण पिलनी बलविंदर जांगड़ा आदित्य भारद्वाज प्रदीप भट्ट डॉक्टर जितेंद्र ठुकराल अरुण वर्मा सुरेश क्योडक आयुष गर्ग सतबीर भारद्वाज गोपाल सैनी धीरेन्द्र क्योड़क आदि मौजूद थे।




कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ का स्वागत करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

- भाजपा कार्यालय कपिल कमल में अटल शताब्दी वर्ष के तहत कार्यक्रम का आयोजन
- शहीदों के शवों को पहली बार सम्मान के साथ ताबूत में उसके घर तक पहुंचाने जैसे अनेक कार्य किए

# पहल: अब तीसरी आंख की निगरानी में होगा हर मेडिकल स्टोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला के सभी मेडिकल शॉप संचालकों को अपनी शॉप को सीसीटीवी की निगरानी में रखना होगा। सीसीटीवी की निरंतर जांच करनी होगी कि वह वर्किंग में है या नही। सीसीटीवी का कम से कम 15 दिन का बैकअप होना अनिवार्य होगा। मेडिकल स्टोर में दवाइयों की बिक्री का रजिस्टर भी मैनटेंन रखना होगा। यह जरूरी निर्देश डीण्सीण मोहम्मद इमरान रज्जा ने मंगलवार को एनकोड के तहत आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिए।

डीसी ने स्पष्ट किया कि मेडिकल स्टोर संचालकों को नियमों की पालना करनी होगी। रजिस्टर में हर प्रकार की दवाइयां की एंट्री करनी होगी। किसी भी प्रकार की कोताही मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नशे को दूर करने के लिए संस्थाओं की मदद लेगा प्रशासन नशा मुक्त बनाने की मुहिम में अब प्रशासन सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं की मदद लेगा।

युवाओं को अधिक से अधिक मुहिम से जुडऩे के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा स्कूलों में कार्यक्रम होंगे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, जिला परिषद के सीईओ अनिल दून, जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगराधीश डा. आशीष देशवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। डीसी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए शिक्षण संस्थान अपने- अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताएं। स्कूलों व कॉलेजों में खेलकूद और अन्य गतिविधियों के दौरान भी छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

## सीसीटीवी में 15 दिन का बैकअप हाना आवश्यक, बैठक में डीसी ने दिए आदेश

### हम सबकी जिम्मेदारी: एसपी

एसपी राजेश कुमार ने कहा कि जिला जींद को नशामुक्त बनाना हम सब की सामूहिक जिम्मेवारी है। युवाओं को नशे से बचाने तथा नशे से पीड़िता के इलाज के लिए सामान्य अस्पताल व अन्य स्थानों पर नशा मुक्ति केंद्र भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा भी समय-समय पर नागरिकों को नशे से बचने के बारे में जागरूक किया जाता और नशा बेचने वाले की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाती है।



जींद । अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते डीसी।

### एडीसी ने मांगी रिपोर्ट

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने सभी उपमंडल अधिकारी नागरिकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों की नशे से संबंधित रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षण संस्थानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं और नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बारे विस्तृत जानकारी दें।

## खबर संक्षेप

### 10वीं की परीक्षा में 10 हजार छात्र हुए शामिल

**कैथल** । शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं की विज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए जिलेभर में 75 केंद्र बनाए गए थे। जिले के करीब 10 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। प्रशासन और बोर्ड की ओर से संयुक्त रूप से 12 उड़नदस्ता टीमों का गठन भी किया गया। जिले में नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। बता दें कि नकल के मामले रोकने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अपने स्तर पर भी प्रयास शुरू किए गए हैं। इसके तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए विशेष उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है।

### मनीष ढांडा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**जींद**। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए हिसार में छठा दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विभिन्न संकायों के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मनीष ढांडा को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। राष्ट्रपति ने मनीष ढांडा की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी

### मनरेगा मजदूरों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद**। उचाना ब्लॉक उचाना में मनरेगा मजदूर यूनियन एवं निर्माण कार्य मजदूर-मिस्त्री यूनियन की तरफ से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन व धरना दिया। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। गांव में मनरेगा मेट एक या दो ही है जबकि मजदूरों की संख्या अधिक है। आमतौर पर बहुत सारे मजदूरों को साल में दस दिन का भी काम नहीं मिल पाता है। इसलिए इन गांवों के मजदूरों को काम दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण बस्ती योजना के तहत जो सौ.सौ वर्ग के प्लॉट अलॉट किए गए थे जिन गांव व मजदूरों के इंतकाल अभी तक नहीं हुए हैं, उनके इंतकार करवाए जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन फार्म भरवाए जा रहे हैं लेकिन इससे पूर्व जो फार्म भरे जा चुके थे, उनका सर्वे करवा कर पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित किया जाए सहित अन्य मांगे है।

### वेदांता स्कूल के छात्रों ने ओलंपियाड में जीते गोल्ड

**नरवाना**। वेदांता इंटरनेशनल स्कूलए कलौदा खुर्द के छात्रों ने नेशनल साइंस ओलंपियाड ;छैव्द्ध में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सभी 25 गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह ओलंपियाड साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ;ैव्थ्द्ध द्वारा 3 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में छात्रों ने गहरी वैज्ञानिक समझए विश्लेषणात्मक सोच और तार्किक क्षमता का परिचय देते हुए 100 स्वर्ण पदक सफलता हासिल की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने विजेता छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या वीणा डारा ने भी छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की।

## होली के आगमन पर रंग और पिचकारियों से सजे बाजार

# होलिका दहन पर कल भद्रा का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

होली का पर्व नजदीक आते ही बाजार पूरी तरह से रंगों और पिचकारियों से सज गए हैं। बाजारों में भी दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगने लगी है। व्यापारी उम्मीद कर रहे हैं कि होली पर अच्छा कारोबार होगा। होली का पर्व 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा, जबकि इससे एक दिन पहले यानि 13 मार्च को होलिका दहन होगा। पंचांग के मुताबिक 13 मार्च को भद्रा का साया सुबह 10 बजकर 35 मिनट से लेकर देर रात 11 बजकर 26 मिनट तक है। इस दौरान शुभ काम करने की मनाही होती है। ऐसे में भद्रा के दौरान होलिका दहन भी नही किया जा सकेगा। 13 मार्च वीरवार को होलिका दहन का समय देर रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 30 मिनट तक है। होलिका दहन के लिए मात्र 64 मिनट ही मिलेंगे और इस समय में ही होलिका दहन किया जाएगा। इस बार हर्बल गुलाल की ज्यादा मांग चली हुई है। इसके अलावा रंग फेंकने के लिए इस बार सिलेंडर भी बाजार में बिक रहे हैं। यह सिलिंडर लोगों की सुविधानुसार दो किलो से पांच किलोग्राम तक के रंग के बिक रहे हैं। गुलाल, रंग और पिचकारी के विक्रेता सुनील ने बताया कि पिछली बार होली पर कारोबार ठीक ही थी लेकिन इस बार बढऩे की उम्मीद है। कई तरह रंगों और पिचकारी की वैरायटी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 350 रुपये तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में उपलब्ध है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं।





जींद । होली पर्व को लेकर पिचकारी व रंगों की खरीद करते हुए। व होली पर्व पर एक-दूसरे को रंग लगाते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### होलिका दहन

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस बार होलिका दहन 13 मार्च को भद्रा का साया रहेगा।



ऐसे में होलिका दहन का समय देर रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 30 मिनट तक है। होलिका दहन के दिन जिस जगह लकड़ी इक_ी की जाती है वहां जाकर पूजा करें। होलिका के लिए तैयार किए गए लकड़ी को सफेद धागे या मौली से तीन या सात बार लपेटें। फिर उस पर पवित्र जल या फूल छिड़क कर पूजा करें। पूजा पूरी होने के बाद शाम को होलिका को जलाया जाता है।

### सेहत को दुरुस्त रखने को इन बातों का रखें ख्याल : डॉ. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि होली खेलने के पहले ही अपने बालों सहित पूरी त्वचा पर सरसो का तेल लगाएं और होली खेल कर नहाने के बाद नारियल या बादाम का तेल लगाएं। इससे त्वचा को नुकसान कम से कम पहुंचेगा और बाद में त्वचा को पर्याप्त नमी व पोषण भी मिल पाएगा। जहां तक हो सके, इको फ्रेंडली रंग और गुलाल ही खरीदें। होली खेलते हुए सावधानी अवश्य बरतें।

### बच्चों ने खरीदनी शुरू की पिचकारी

होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा हार और मेवा से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे अभी से होली के मूड में आ गए हैं और होली खेल भी रहे हैं। शहर के मुख्य बाजार, गोहाना रोड, सफीदों रोड समेत मार्केट की अन्य दुकानों को रंगों से सजाया गया है।

## कैथल में बाबा श्याम का विशाल फाल्गुन महोत्सव 15 को : डॉ. विकास गुप्ता

**कैथल** । भाई उदय सिंह किला परिसर में श्री श्याम बाला जी संघ की ओर से 15 मार्च को सायं 06:30 बजे बाबा श्याम का विशाल फाल्गुन महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में हजारों श्याम प्रेमी भाग लेंगे और बाबा श्याम की आराधना करेंगे। जानकारी देते हुए श्याम प्रेमी डॉ. विकास गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में बाबा श्याम का श्रृंगार, आतिशबाजी, बंसी वाला दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा की जाएगी। महोत्सव को लेकर आसपास के श्याम प्रेमियों में भारी उत्साह है और इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से चली हुई है। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम के फागुन मेले का असर दिख रहा है श्याम प्रेमियों पर, जिन्हें इस महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह महोत्सव श्याम प्रेमियों के लिए एक अद्वितीय अवसर होगा, जहां वे बाबा श्याम की आराधना करेंगे और उनके आशीर्वाद को प्राप्त करेंगे तथा बाद में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



डा. विकास गुप्ता

## पूंडरी राजौंद मार्ग पर टाकियों से हो रही खानापूर्ति, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

पाई के पास पूंडरी राजौंद मार्ग पर टाकियों के नाम पर खानापुर्ति की जा रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति व्यापक रोष है। ग्रामीण महावीर, राजेश, बलवान, कृष्ण आदि ने बताया कि पूंडरी राजोंद मार्ग कुछ समय पूर्व ही बना था, जिसमें गहरे गड्डें पड़ गये है।

उन्होंने बताया कि सड़क बनने के तीन वर्ष तक सड़क की रिपेयर ठेकेदार द्वारा करनी होती है। इस मार्ग पर पेंच वर्क का कार्य चल रहा है। पेच वर्क करते समय न तो ठेकेदार है और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी। केवल अकेले मजदूर अपना कार्य कर रहे है।

वे गड्डों में बजरी डालने के बाद उनको ऐसे ही छोड़ दिया जा रहा है या फिर केवल पराली डाल देते है। भरे गये गड्डों को समतल करने के लिये कोई भी रोलर नही फेरा जाता। जिस कारण से जब कोई वाहन उसके उपर से गुजरता है। तो डाली गई बजरी इधर-उधर बिखर जाती है और गड्डों में बजरी उबड खाबड़ होने के कारण वाहन पिसलने का डर लगा रहता है। ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन से इन भरे हुये गड्डों में बजरी को दबा कर समतल करने की भी मांग की है।

## बाल सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला बाल संरक्षण इकाई ने महिला एवं बाल विकास विभाग कैथल की सभी सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुंडू ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अरविंद खुरानिया और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राणा बंसल उपस्थित रहे। कुंडू ने बताया कि यदि कोई बच्चा सामाजिक सुरक्षा चक्र से बाहर हो जाता है तो ऐसे बच्चों को सुरक्षा एवं देखभाल की आवश्यकता वाली श्रेणी में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। समाज में रह रहे सुरक्षा एवं देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चे जो अपने माता-पिता, संरक्षक या किसी अन्य के साथ रह रहे हैं, ऐसे बच्चों की देखभाल के लिए निवारक उपाय अपनाए जाते हैं। जिसमें मुख्यत: बच्चों को प्रयोजन कार्यक्रम, पालन पोषण कार्यक्रम के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करना, त्यागे जाने वाले बच्चों के लिए पालना घर आदि है। उन्होंने बच्चों से संबंधित विभिन्न कानून के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राणा बंसल ने सभी सुपरवाइजरों को बताया कि सुरक्षा एवं देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को कैसे चिन्हित कर सुरक्षा, देखभाल और कल्याण को सुनिश्चित करें।



कैथल । प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित कर्मचारी व अधिकारी।

## कस्बे के मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर पर लाइट न होने से लोगों में बना रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर पर लाइट न होने से लोगों में रोष प्रकट किया। लोगों ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व डिवाइडर बनाया गया था। लेकिन आज तक भी डिवाइडर पर लाइटे लगाने की जहमत संबंधित विभाग ने नहीं उठाई। आए दिन जहां घटना होती हैं वही राजौंद की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। कुलदीप, सोहनपाल, कंवरपाल, रमेश, राजकुमार, कुलदीप, श्याम राणा ने कहा कि नगर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर बने 5 वर्ष बीत गए लेकिन आज तक भी लाइटे लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे लोगों के साथ साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी होती है। यहां तक की अभी तक डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर टेपतक लगाने की जहमत नहीं उठाई गई। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।लाइट लगानी तो दूर की बात। डिवाइडर के बीच में छोड़े गए कटों को भी आज तक ठीक नहीं किया गया। जिससे लोगों में भारी रोष हैं। इस मार्ग से हर रोज दुर्घटना होने के साथ साथ लोगों को भी परेशानी हो रही है।



## बैंक अधिकारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ शाम को काम खत्म होने के बाद प्रदर्शन कर जताया विरोध

आल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक आफिसर एसोसिएशन के आह्वान बैंक अधिकारियों ने मंगलवार शाम को कार्य समाप्त करने के बाद एसबीआई बैंक के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बैंक अधिकारियों ने नारेबाजी की और रोष जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व ज्वायंट सेक्रेटरी दीपक धीमान व कोषाध्यक्ष सुमेधा गोयत ने किया। प्रदर्शनकारी बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुमेधा ने कहा कि आज बैंक अधिकारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नियमित भर्ती न होने से वर्क लोड बढ़ रहा है। वहीं जब डिफाल्टरों से लोन रिकवरी के लिए जाते हैं तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। कई बार तो हमला तक कर दिया जाता है। वहीं बैंकों का निजीकरण करने की भी प्लानिंग बनाई जा रही है। सुमेधा ने कहा कि बैंक अधिकारी पूरा हफ्ता काम करते हैं। काम की अधिकता के चलते ओवरटाइम भी करते हैं। जिससे मानसिक रूप से भी बैंक अधिकारी परेशान हो जाते हैं। उन्होंने मांग की कि बैंक अधिकारियों की पांच दिन का बैंकिंग करवाई जाए। रिक्त पदों पर भर्तियां की जाएं। ठेके पर कर्मियों की भर्ती न की जाए। बैंकों की प्राइवेटाइजेशन न किया जाए।

## पीएम श्रीस्कूल उझाना में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

छात्राओं को मासिक धर्म व स्वच्छता का महत्व भी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझाना में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आरंभ किया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरुण के नेतृत्व में उनकी टीम का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर विद्यालय पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार एवं समस्त स्टाफ गण ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्वास्थ्य समुदाय केंद्र उझाना के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरुण एवं उनकी टीम ने छात्रों का स्वास्थ्य जांचा। विद्यालय के नोडल अधिकारी राजवीर कौशिक के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनुज ने छात्रों का स्वास्थ्य जांचने के साथ.साथ छात्रों को साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंट कार्यक्रम एवं एनीमिया के प्रति विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ.साथ एलिमेंडजोल के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य टीम के सदस्य पुष्पा काउंसलर ने किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तन मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के विषय में छात्रों को जागरूक किया।इसके साथ.साथ उनकी जिज्ञासाओं एवं भ्रांतियों का निवारण भी किया। डॉ शिवानी ने व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में समझाया। व्यक्तिगत स्वच्छता के अंतर्गत हाथों, नाखून, दांतो एवं संपूर्ण शरीर की सफाई आदि के बारे में छात्रों को जागरूक किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मित्तल ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य के स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।




नरवाना । जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### वेतन न मिलने से खफा होकर की नारेबाजी

**कैथल**। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने डीईओ को सैलरी बजट अभी तक न मिलने को लेकर ज्ञापन राजबीर पाई जिला अध्यक्ष, कैथल की अध्यक्षता में सौंपा। प्रदेश संयोजक दलबीर राठी ने सम्बोधित करते हुए बताया कि फरवरी 2025 माह (1-8 स्कीम) का सैलरी बजट अभी तक खंड शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कैथल द्वारा स्कूलों को जारी नहीं किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

मंथन

## जिला में लिंगानुपात में सुधार करने के लिए हम सबको मिलकर करने होंगे प्रयास : प्रीति

# ग्रामीण प्रशासन को दें लिंग जांच में शामिल लोगों की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोयल काम्पलैक्स में पीसी-पीएनडीटी एक्ट और एमटीपी एक्ट की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डीसी प्रीति ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, डिप्टी डीए जयभगवान गोयल, आईएमए प्रधान डॉ. ललित जांगड़ा मौजूद रहे। डॉ. संदीप जैन ने पीपीटी से एमटीपी एक्ट व पीसी-पीएनडीटी एक्ट की जानकारी डिप्टी डीए जय भगवान गोयल ने जानकारी दी। डीसी प्रीति ने कार्यशाला में निजी व सरकारी गायनोकोलोजिस्ट, रेडियोलोजिस्ट, सोनोलॉजिस्ट से कहा कि एमटीपी एक्ट और पीसी-पीएनडीटी एक्ट की जानकारी होना बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिले के लिंगानुपात में सुधार करने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। अवैध लिंग जांच में शामिल लोगों की जानकारी किसी को भी हो तो वे जिला प्रशासन के संज्ञान में जरूर लाएं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा तथा उसे ईनाम स्वरूप एक लाख रुपये की धनराशि भी दी जाएगी। आईएमए का पूर्ण सहयोग चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों को शामिल करें। गर्भपात से संबंधित रिकार्ड सही हो, ताकि कोई परेशानी न आए। जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों के साथ पूरा समन्वय हो। अनाधिकृत केंद्रों पर कार्रवाई होनी आवश्यक है। मातृ मृत्यु दर में सुधार लाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।




डीसी प्रीति पीएनडीटी की बैठक को संबोधित करते

### सभी को हो नियमों की जानकारी

सीएमओ डॉ. रेणू चावला ने कहा कि एमटीपी एक्ट का रिकार्ड नियमानुसार पूरा और दुरूस्त रखें। नए एमटीपी सैंटर पंजीकरण करवाने के लिए सरकार ने फीस निर्धारित की है। किसी भी मरीज को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। समय-समय पर एक्ट में बदलाव होते रहते है, सभी को इनकी जानकारी होनी चाहिए।